हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार 27 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 28.7 डिग्री
न्यूनतम 12.8 डिग्री

13 मां ने कहा था- बेटा टेंशन मत लेना, तुम जरूर खेलोगी....



14 9637 ने दिया दसवीं कक्षा का गणित का पेपर....





# नशे में ड्राइविंग बड़ा खतरा उसी के सबसे कम चालान

**एक माह में कटे 400 चालानों में से 210 दोपहिया वाहन, 100 सीट बेल्ट और 90 नशे में धुत वाहन चालकों के**

**पुलिस कार्रवाई या आंकड़ों का खेल एक माह में 38 लाख रुपय के चालान मानो पूरा कर रहे हों टारगेट**

**बड़ा सवाल, दिन में सख्ती रात में चालान से डरती है पुलिस?**

मनीष कुमार ▶▶ रोहतक


सड़क सुरक्षा को लेकर लगातार अभियान चलाने के बावजूद शहर में एक बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है, क्या पुलिस की कार्रवाई वास्तविक खतरे पर केंद्रित है या सिर्फ आंकड़ों का खेल बनकर रह गई है। आंकड़े बताते हैं कि नशे में वाहन चलाना सबसे बड़ा जोखिम है, लेकिन इसके मुकाबले चालान की संख्या बेहद कम है। हाल ही में एक महीने में किए गए 400 चालानों के आंकड़े ने यह बहस तेज कर दी है। इनमें से 210 चालान दोपहिया वाहनों के थे, 100 सीट बेल्ट न लगाने वालों के और केवल 90 चालान नशे में वाहन चलाने वालों के। सवाल यह उठता है कि अगर नशे में ड्राइविंग सबसे खतरनाक अपराध है, तो उस पर कार्रवाई कम क्यों, सड़क हादसों में सबसे ज्यादा जानें नशे की हालत में वाहन चलाने के कारण जाती हैं, लेकिन पुलिस की प्राथमिकता अलग नजर आती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ज्यादातर चालान दिन के समय किए जाते हैं, जबकि नशे में वाहन चलाने की घटनाएं आमतौर पर रात में अधिक होती हैं। आरोप यह भी लगते रहे हैं कि रात में कार्रवाई करने से पुलिस पर दबाव और जोखिम बढ़ता है, इसलिए अभियान सीमित स्तर पर चलाया जाता है। रात के समय शराब के नशे में वाहन चलाने वाले चालक न केवल खुद के लिए बल्कि राहगीरों और अन्य वाहन चालकों के लिए भी बड़ा खतरा बनते हैं। इसके बावजूद रात में विशेष नाके या नियमित जांच अभियान कम ही दिखाई देते हैं।

**रात में जांच व नाके नदारद**

▶▶ आमतौर पर रात में अधिक होती हैं नशे में वाहन चलाने की घटनाएं
▶▶ राहगीरों और अन्य वाहन चालकों के लिए भी बनते हैं बड़ा खतरा

### 10 महीने में 1.30 करोड़ के चालान

आंकड़ों के अनुसार, पिछले 10 महीनों में पुलिस ने कुल 1 करोड़ 30 लाख रुपये के चालान किए। यह औसतन प्रति माह लगभग 13 लाख रुपये बैठता है। लेकिन साल के अंतिम चरण में तस्वीर अचानक बदल गई। जब वार्षिक लक्ष्य पूरा करने का समय आया, तो मात्र एक महीने में 38 लाख रुपये के चालान काटे गए।



### यह है चिंता का विषय

चालानों के वर्गीकरण से स्पष्ट होता है कि दोपहिया चालकों और सीट बेल्ट न लगाने वालों पर सबसे ज्यादा कार्रवाई की गई। यह जरूरी भी है, क्योंकि हेलमेट और सीट बेल्ट जीवन रक्षक उपाय हैं। लेकिन नशे में वाहन चलाना प्रत्यक्ष रूप से घातक जोखिम है। यदि एक महीने में 400 चालानों में से केवल 90 नशे में ड्राइविंग के हैं, तो यह अनुपात चिंता पैदा करता है।

### कार्रवाई की जाती है



सड़क सुरक्षा अभियान लगातार चलाए जाते हैं और नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाती है। पुलिस लगातार लोगों को भी नशे के प्रति जागरूक कर रही है।
- सुरेंद्र भौरिया, एसपी, रोहतक

### सिर्फ राजस्व संग्रह न हो लक्ष्य

एक महीने में 38 लाख रुपये के चालान यह संकेत देते हैं कि कार्रवाई में अचानक तेजी लाई गई। इससे यह सवाल उठ रहा है कि क्या चालान वसूली भी लक्ष्य आधारित हो गई है। यदि 10 महीनों में 1.30 करोड़ रुपये वसूले गए और अंतिम महीने में 38 लाख, तो यह अनुपात सामान्य प्रवृत्ति से कहीं अधिक है। विशेषज्ञों का मानना है कि सड़क सुरक्षा अभियान का उद्देश्य राजस्व संग्रह नहीं, बल्कि दुर्घटनाओं में कमी लाना होना चाहिए।

### रात में भी चले विशेष अभियान

लोगों का कहना है कि पुलिस को रात के समय विशेष अभियान चलाने चाहिए। होटल, बार और मुख्य बाजारों के आसपास नियमित जांच से नशे में ड्राइविंग पर प्रभावी रोक लगाई जा सकती है। कई सामाजिक संगठनों का सुझाव है कि ब्रेथ एनालाइजर जांच को नियमित और अनिवार्य बनाया जाए। साथ ही, नशे में पकड़े गए चालकों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई और लाइसेंस निलंबन जैसी सजा सुनिश्चित की जाए।

# डोमिनोज फ्रेंचाइजी के नाम पर ठगने वाले गिरोह का पर्दाफाश, तीन दबोचे

- 11 एटीएम कार्ड, 10 फोन-सिम बरामद, 6 करोड़ की संदिग्ध ट्रांजेक्शन व जब्त नंबरों की 30 शिकायतें मिलीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

डोमिनोज की फ्रेंचाइजी दिलाने का झांसा देकर 8.40 लाख रुपये की ठगी करने वाले गिरोह का रोहतक साइबर थाना पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें रिमांड पर लिया गया। साइबर निरीक्षक कुलदीप सिंह के अनुसार विजय नगर निवासी रमन ने शिकायत दी थी कि उसने गोहाना में डोमिनोज की फ्रेंचाइजी के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था। 13 नवंबर 2025 को उसे कॉल आई, जिसमें आरोपी ने खुद को जुबिलेंट फूड वर्क्स लिमिटेड का प्रतिनिधि बताकर 35-40 लाख निवेश और 35-50% रिटर्न का लालच दिया। झांसे में आकर रमन ने आधार कार्ड और बैंक डिटेल भेज दी। आरोपियों ने उसे शॉर्टलिस्ट होने की बात कहकर 2,65,500 रुपये फ्रेंचाइजी फीस के नाम पर जमा करवा लिए। कुछ दिन बाद आरोपियों ने सरकारी एनओसी के नाम पर 5,75,000 रुपये और जमा करवाए। इसके बाद साइट विजिट से पहले एफएसएसएआई लाइसेंस के लिए 9,55,000 रुपये और जमा कराने को कहा तो उसे ठगी का संदेह हुआ।

### जांच में सभी दस्तावेज फर्जी मिले

रमन नोएडा स्थित कंपनी कार्यालय पहुंचा, जहां जांच में सभी दस्तावेज फर्जी मिले। मामले की जांच अधिकारी अश्वनी को सौंपी गई। तकनीकी साक्ष्यों और बैंक खातों की पड़ताल के आधार पर पुलिस ने गिरोह के एक आरोपी को लुधियाना और दो को बिहार से दबोच लिया। आरोपियों के कब्जे से 11 चालू एटीएम कार्ड, 10 मोबाइल फोन, 10 सिम कार्ड और एक पासबुक मिली है। बरामद एटीएम कार्डों में 6 करोड़ रुपये की संदिग्ध ट्रांजेक्शन हुई हैं। वहीं जब्त मोबाइल नंबरों की 30 शिकायतें दर्ज हैं, जिससे आशंका है कि गिरोह ने कई राज्यों में लोगों को निशाना बनाया है। आरोपी डोमिनोज के नाम से फर्जी वेबसाइट बनाकर युवाओं को फ्रेंचाइजी का लालच देकर ठगी करते थे। साइबर निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

### इंस्टाग्राम पर गिफ्ट का झांसा देकर 5.32 लाख ठगे, तीन गिरफ्तार

*महम। साइबर थाना पुलिस ने गिफ्ट भेजने के नाम पर 5.32 लाख रुपये की ठगी का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। प्रभारी थाना साइबर निरीक्षक कुलदीप सिंह के अनुसार गांव खरकड़ा महम निवासी प्रियंका ने शिकायत दी थी कि उसने इंस्टाग्राम पर एक विज्ञापन देखा था। मैसेज करने पर उसकी बातचीत आर्यन नामक युवक से इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप पर शुरू हुई। आरोपी ने भरोसा जीतकर गिफ्ट भेजने की बात कही और डिलीवरी बॉय के संपर्क में आने को कहा। 23 जनवरी को डिलीवरी बॉय ने कॉल कर 15 हजार रुपये डिलीवरी चार्ज के नाम पर मंगवाए। इसके बाद पार्सल में 5 हजार पाउंड होने और उसे भारतीय मुद्रा में बदलने के लिए टैक्स, एक्सचेंज चार्ज, कस्टम फीस और रिफंड के नाम पर अलग-अलग किस्तों में रकम मंगवाई गई। 24 जनवरी तक प्रियंका से कुल 5.32 लाख रुपये विभिन्न ट्रांजैक्शन के माध्यम से ट्रांसफर करवा लिए गए। बार-बार पैसों की मांग पर उसे ठगी का एहसास हुआ। मामले की जांच पीएसआई ओमपाल ने की। 24 फरवरी को धर्मेन्द्र, उमेश और रसीद को गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से गिरफ्तार किया गया। पुलिस अब गिरोह के अन्य सदस्यों और बैंक खातों की जांच में जुटी है।*

### टेलीग्राम टास्क के नाम पर 40 हजार ठगने का आरोपी पकड़ा गया

*रोहतक। पुलिस ने 40 हजार रुपये की ऑनलाइन ठगी के मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया। मामले की गहन जांच जारी है। सिविल लाइन प्रभारी थाना पीएसआई अंकिता ने बताया कि प्रेम नगर निवासी रितेश की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि 27 फरवरी 2025 को रितेश के पास व्हाट्सएप पर एक संदेश आया, जिसमें टेलीग्राम पर एक टास्क पूरा करने पर 41 रुपये देने का लालच दिया गया था। आरोपियों ने धीरे-धीरे भरोसा जीतकर अधिक टास्क और ज्यादा कमाई का झांसा दिया और विभिन्न कारणों से पैसे ट्रांसफर करवाने शुरू कर दिए। लालच में आकर रितेश ने कुल 40,333 रुपये आरोपियों के खाते में ट्रांसफर कर दिए। मामले की जांच सहायक उप निरीक्षक दयानंद द्वारा की गई। जांच के दौरान 25 फरवरी को आरोपी रियाज पुत्र जान मोहम्मद निवासी नेहरू कॉलोनी, राजस्थान को गिरफ्तार किया गया।*

### शहर में आज

▶▶ वैश्य कॉलेज में एनएसएस शिविर
▶▶ अंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर
▶▶ मदवि में लॉ विभाग में कार्यक्रम का आयोजन
▶▶ सेक्टर दो मार्केट में सुबह दस बजे से दो बजे तक बिजली बाधित।

# निंदाना गांव में युवती से सहेली का रिश्तेदार बनकर 27 हजार रुपये हड़पे, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम

महम थाना क्षेत्र के गांव निंदाना में एक युवती के साथ 27 हजार रुपए की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस संबंध में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में निंदाना गांव निवासी पूनम पुत्री अशोक ने बताया कि वह एमडीयू रोहतक में पढाई कर रही है। उसके साथ उसकी सहेली तमन्ना भी पढ़ती थी। जो सोनीपत जिले के धनाना गांव की है।

उसके मोबाइल फोन पर एक कॉल आई, जिसमें उसकी सहेली बोल रही थी और कहा कि उसके पिता का कोई जानकार है और उसको कुछ रुपए बैंक खाते में डालने हैं। वह उसके खाते में डाल रहा था पर राशि डल नहीं रही है।

### लिंक खोलते ही कटी राशि

सहेली तमन्ना भी कांफ्रेंस कॉल पर ले लिया गया था। उक्त व्यक्ति ने उसके पास एक लिंक भेजा। लिंक खुलते ही उसके खाते में 50 रुपए आ गए। बताया कि यह राशि खाता कन्फर्म करने के लिए भेजी गई है। उसके बाद उसको एक लिंक और भेजा गया। उसने यह लिंक खोला तो उसके खाते से 7 हजार रुपए कट गए। उसके बाद दो बार दस-दस हजार रुपए कट गए। उसके खाते से 27 हजार रुपये की ठगी हो गई।




# ट्रांसपोर्ट के नाम पर 70 हजार रुपये का चूना, आरोपी दबोचा

**रोहतक।** पुलिस ने ट्रांसपोर्ट के नाम पर 70 हजार रुपये की ठगी के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए गिरोह के दूसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मामले की गहनता से जांच जारी है। प्रभारी थाना सदर निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि सुन्दरपुर निवासी मनीष की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।

प्रारंभिक जांच में सामने आया कि 29 जनवरी को मनीष ने गूगल पर उत्तर प्रदेश के भदोई में सामान डिलीवर करने के लिए ट्रक सर्च किया था। कुछ समय बाद उसके पास कॉल आई और मोरबी (गुजरात) से भदोई (उत्तर प्रदेश) तक 2800 रुपये प्रति टन के हिसाब से सौदा तय हुआ। आरोपियों ने ट्रक और ड्राइवर के लाइसेंस की फोटो भेजकर 30 प्रतिशत एडवांस मांगा। मनीष ने 35,250 रुपये भेज दिए। बाद में आरोपियों ने गलत भुगतान का बहाना बनाकर फर्जी रिफंड संदेश भेजा और दोबारा 35,250 रुपये ट्रांसफर करवा लिए। इसके बाद तेल के नाम पर और पैसे मांगने पर मनीष को ठगी का शक हुआ। कुल 70,250 रुपये की धोखाधड़ी हुई। मामले की जांच पीएसआई बलराज द्वारा की गई। 23 फरवरी को आरोपी हिमांशु पुत्र जगेन्द्र निवासी झिंझाई (उत्तर प्रदेश) को गिरफ्तार किया गया। इस मामले में शामिल आरोपी अनुज को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।



प्रतिभाएं / शिखर चंद जैन

# क्रिएटिव-इनोवेटिव ये लिटिल साइंटिस्ट

विज्ञान और तकनीकी के क्षेत्र में बड़ी उम्र के वैज्ञानिक ही नहीं, बाल वैज्ञानिक भी अपना उल्लेखनीय योगदान देकर देश का गौरव बढ़ा रहे हैं। इनके आविष्कार जनहित में बहुत उपयोगी हैं। जानो, ऐसे ही कुछ प्रतिभावान नन्हे वैज्ञानिकों के बारे में।





## स्वयं सोढ़ा : सबसे कम उम्र के कोडिंग एक्सपर्ट्स में शामिल

**स्वयं सोढ़ा,** विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक उभरता हुआ बाल वैज्ञानिक और नवाचारी (इनोवेटर) है। मुंबई के रहने वाले स्वयं को उसके असाधारण तकनीकी ज्ञान के लिए जाना जाता है। स्वयं ने मात्र चार वर्ष की आयु में पायथन प्रोग्रामिंग सीखना शुरू कर दिया था। उसे दुनिया के सबसे कम उम्र के कोडर में से एक माना जाता है। बारह साल की उम्र में ही स्वयं ने सूचना प्रौद्योगिकी में मानद डॉक्ट्रेट की उपाधि प्राप्त कर ली। स्वयं ने 'स्वयंईजोन' नामक एक स्टार्टअप की स्थापना की है, जो भविष्य के स्मार्ट चश्मे विकसित करने पर केंद्रित है। स्वयं का मानना है, ये चश्मे आने वाले वर्षों में स्मार्टफोन की जगह ले सकते हैं। स्वयं डेटा साइंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग जैसे आधुनिक विषयों में गहरी रुचि रखता है। स्वयं को कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सम्मानित किया जा चुका है, जिसमें नेहरू विज्ञान केंद्र जैसे प्रतिष्ठित संस्थान भी शामिल हैं। स्वयं न केवल कोडिंग का मास्टर है, बल्कि नेहरू साइंस सेंटर जैसे बड़े मंचों पर जाकर वह अन्य बच्चों को भी 'स्टेम' मतलब विज्ञान, तकनीक, इंजीनियरिंग और गणित सीखने के लिए प्रेरित करता है। *

## राउल जॉन अजू : बारह साल की उम्र में बनाया रोबोट



**केरल के** राउल जॉन अजू को 'भारत का एआई किड' कहा जाता है। विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उसकी उपलब्धियां असाधारण हैं। राउल ने मात्र छह साल की उम्र में कोडिंग और एआई सीखना शुरू किया और बारह साल की उम्र में अपना पहला रोबोट बनाया। उसने 'मी बॉट' नामक एक ह्यूमनॉइड रोबोट विकसित किया है, जो उसकी अपनी आवाज में बात कर सकता है, उसके कार्यों में मदद करता है। राउल, केरल और दुबई (यूएई) सरकारों के लिए एक आधिकारिक एआई सलाहकार के रूप में काम कर रहा है, जहां वह 'जस्ट ईज प्रोजेक्ट 47X' जैसे नागरिक-केंद्रित एआई सिस्टम विकसित करने में मदद कर रहा है। राउल ने 'एआई रियल्म टेक्नोलॉजीज' नामक स्टार्टअप की स्थापना की है। राउल ने वैश्विक स्तर पर 1.5 लाख से अधिक छात्रों और पेशेवरों को एआई का प्रशिक्षण दिया है, जिनमें आईआईटी मद्रास और गूगल टेक जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के लोग शामिल हैं। राउल तीन बार टेड-एक्स स्पीकर रह चुका है, उसने इंडिया टुडे कॉन्क्लेव जैसे बड़े मंचों पर अपनी बात रखी है। राउल भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित प्रतियोगिता 'बिल्डाथॉन' में दो बार राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता भी रहा है। *

## आराध्या जैन : बुजुर्गों-दृष्टिबाधितों के लिए बनाई स्मार्ट स्टिक



**आराध्या जैन,** विज्ञान और तकनीक क्षेत्र में एक असाधारण प्रतिभावान बच्ची है, जिसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली है। आराध्या को 2026 के 'टॉप 100 ग्लोबल चाइल्ड प्रॉडिजी' में चुना गया है। उसे जून 2025 में ब्रिटिश संसद (लंदन) में 'इनोवेशन और टेक्नोलॉजी' श्रेणी में सम्मानित किया गया। आराध्या ने समाज की समस्याओं के समाधान के लिए कई तकनीकी प्रोजेक्ट्स बनाए हैं। आराध्या ने बुजुर्गों और दृष्टिबाधित लोगों के लिए स्मार्ट स्टिक बनाई है। यह स्टिक उन्हें न केवल वस्तुओं से टकराने से बचाती है, बल्कि एआई का उपयोग करके गिरने से भी रोकती है। यह स्टिक आपातकालीन स्थिति में जीपीएस के माध्यम से लोकेशन भी शेयर करती है। विकासशील देशों में ट्रैफिक की समस्या को कम करने के उद्देश्य से आराध्या ने स्वचालित टोल गेट और सेल्फ-ड्राइविंग कार के मॉडल भी तैयार किए हैं। आराध्या ने गणित, विज्ञान और साइबर टेक्नोलॉजी के राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय ओलंपियाड में कई स्वर्ण पदक जीते हैं। वह 70 से अधिक देशों के बच्चों के बीच आयोजित 'इकोट ग्लोबल

## मनीषका दुबे : बच्चों की सुरक्षा के लिए बनाया विशेष बैंड



**विज्ञान और** नवाचार के क्षेत्र में भारत की एक प्रसिद्ध बाल आविष्कारक है मनीषका दुबे। देहरादून की रहने वाली मनीषका ने मात्र पांच वर्ष की आयु से तकनीक के साथ प्रयोग करना शुरू कर दिया था। उसने बच्चों की सुरक्षा के लिए एक विशेष बैंड विकसित किया है, जो बच्चों के खो जाने पर उनके माता-पिता को ढूंढने में मदद करता है। इस प्रोटोटाइप के लिए उसे आईनेक्स इंडिया प्रदर्शनी में स्वर्ण पदक मिला था। मनीषका कलर्स इनफिनिटी टीवी पर प्रसारित होने वाले शो 'द इन्वेंटर चैलेंज' की सबसे कम उम्र की विजेता रही है। वर्ष 2024 में उसने दृष्टिबाधित बच्चों की शिक्षा के लिए एक स्मार्ट डिवाइस बनाई, जिसके लिए उसे थाईलैंड के राष्ट्रीय अनुसंधान परिषद से स्वर्ण पदक और विशेष पुरस्कार प्राप्त हुआ। इसके अलावा उसने साइप्रस और पोलैंड में आयोजित अंतरराष्ट्रीय नवाचार प्रदर्शनियों में यंग ई-इनोवेटर अवॉर्ड और स्वर्ण पदक जीते हैं। मनीषका 'टिंकर टेकी' नामक स्टार्टअप की संस्थापक है, जिसका उद्देश्य लड़कियों को रोबोटिक्स और कोडिंग के क्षेत्र में सशक्त बनाना है। उसे इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा सम्मानित किया गया है और वह आईआईटी बॉम्बे के टेकफेस्ट में आयोजित ड्रोन प्रतियोगिता की सबसे कम उम्र की प्रतिभागी भी रही है। डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम को प्रेरणास्त्रोत मानने वाली मनीषका भविष्य में एक अंतरिक्ष यात्री और वैज्ञानिक बनना चाहती है।

जानकारी / नयनतारा

बच्चो, विंडमिल यानी पवनचक्की एक ऐसा यंत्र है, जो गतिज ऊर्जा को यांत्रिक ऊर्जा या विद्युत ऊर्जा में बदलता है। विंडमिल कैसे काम करता है, इसका प्रयोग कब से शुरू हुआ? यहां बता रहे हैं विंडमिल से जुड़ी जानकारी।

## हवा से ऊर्जा उत्पन्न करने वाला यंत्र विंडमिल

बच्चो, विंडमिल एक ऐसा यंत्र है, जिसका प्रयोग अनाज पीसने, बिजली उत्पादन, पानी निकालने और सप्लाई करने जैसे कार्यों में किया जाता है। जानो, इस पारंपरिक बहुपयोगी ऊर्जा उत्पादक यंत्र के बारे में।

**कब से शुरू हुआ प्रयोग:** विंडमिल का प्रयोग कोई आधुनिक युग की बात नहीं है। कई सदियों से विंडमिल का प्रयोग किसी न किसी रूप में होता आ रहा है। कहा जाता है, विंडमिल के सिद्धांत के बारे में लोगों को प्राचीन समय से ही जानकारी थी। 12वीं शताब्दी से लेकर 18वीं शताब्दी में स्टीम पॉवर के आविष्कार तक इनका बड़ी संख्या में प्रयोग किया जाता था। 17वीं शताब्दी में अकेले नीदरलैंड देश में ही 8,000 से अधिक विंडमिल थीं। उन दिनों सिंचाई के लिए पानी पंप करने हेतु छोटी विंडमिल भी बहुत पॉपुलर थीं।



**पहले इसे क्या कहते थे:** शुरुआत में विंडमिल को 'पोस्ट' या 'जर्मन मिल' कहते थे। उसमें एक स्थिर वर्टिकल पोस्ट होता था, जिसके इर्द-गिर्द पूरी मिल घूमती थी ताकि विंडमिल हवा का सामना कर सके। एक अन्य प्रमुख प्रकार की विंडमिल 'टावर' थी, जिसे 'टरेट' या 'डच मिल' भी कहते थे। इसमें एक स्थिर टावर पर विंडमिल और शाफ्ट को घूमते हुए टरेट पर सेट किया जाता था।

**हवा में कैसे चलती है विंडमिल:** विंडमिल में हवा से चलने वाला एक पहिया होता है, जिसे विंडव्हील कहते हैं। इसमें एक शाफ्ट से अनेक बराबर के संतुलित वेन लगे होते हैं, जैसे तुम छत के पंखे में लगी उसकी पत्तियां देखते हो। इन वेन को सेल्स भी कहते हैं। जब हवा सेल्स से टकराती है तो विंडव्हील घूमने लगता है और शाफ्ट भी घूमती है। यह घूमता हुआ बल शाफ्ट से गियरों में या मशीन के उन पार्ट्स में जाता है, जो कि काम करते हैं। इस प्रकार विंड मिल से ऊर्जा उत्पन्न होती है।

# रोहतक-भूमि

## लोगों की समस्याओं का जल्द निपटारा करने के निर्देश, महम में आईं केवल तीन शिकायतें

- जिला और उपमंडल स्तर पर समाधान शिविरों में सुनीं गईं लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जिला व उपमंडल स्तर पर गुरुवार को समाधान शिविरों में अधिकारियों ने लोगों की समस्याएं सुनी और संबंधित विभागाध्यक्षों को समाधान के निर्देश गए। शिविर में नगराधीश अंकित कुमार, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त मनजीत सिंह, जिला राजस्व अधिकारी प्रमोद चहल, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल मौजूद रहे। लघु सचिवालय के शिविर में नगराधीश ने लंबित व रि-ओपन शिकायतों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को शिकायतों का निपटारा शाम तक करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी समस्याओं का निपटारा करते समय संबंधित नागरिकों से संवाद कर उन्हें कार्रवाई की जानकारी देकर संतुष्ट करें।



रोहतक। समाधान शिविरों में लोगों की समस्याएं सुनते नगराधीश अंकित कुमार, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त मनजीत सिंह व जिला राजस्व अधिकारी प्रमोद चहल।

### सांपला व महम उपमंडलों पर शिविर आयोजित

सांपला व महम उपमंडलों पर शिविरों में जन समस्याएं सुनी गईं। महम उपमंडल मुख्यालय पर उपमंडलाधीश विपिन कुमार की अध्यक्षता में शिविर लगाया गया। इसमें तीन शिकायतें प्राप्त हुईं। उपमंडलाधीश विपिन कुमार ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को इनके शीघ्र निपटारे के निर्देश दिए। इसी तरह सांपला मंडल मुख्यालय पर तहसीलदार अशोक कुमार की अध्यक्षता में समाधान शिविर लगाया गया।

### ये अधिकारी रहे मौजूद

मुख्यालय शिविर में डीएमसी जितेंद्र सिंह, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के कार्यकारी अभियंता अनिल नागर, जनस्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता संदीप सिंह, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. सतपाल, जिला कार्यक्रम अधिकारी दीपिका सैनी, जिला सैनिक व अर्धसैनिक कल्याण अधिकारी विंग कमांडर गौरिका सुहाग सहित विभिन्न विभागों के उच्चाधिकारी तथा भाजपा के प्रतिनिधि आशा शर्मा एवं एडवोकेट अंकुश बिड्डू मौजूद रहे।



## राजेन्द्र दास का मड़ौदी आश्रम में पावन आगमन

- संत सेवा और स्वामी नित्यानंद हॉस्पिटल निर्माण को लेकर हुई भावपूर्ण चर्चा

**रोहतक।** स्वामी नित्यानंद आश्रमजटेला माजरा के महंत महाराज राजेन्द्र दास का महाराज दूलमदास आश्रम मड़ौदी में पावन आगमन हुआ। इस अवसर पर आश्रम परिसर में भक्ति और श्रद्धा का विशेष वातावरण देखने को मिला। आगमन पर महाराज सूरजभान ने महाराज का बड़े ही भावपूर्ण और श्रद्धापूर्वक स्वागत किया। दरबार साहब की ओर से स्वामी नित्यानंद हॉस्पिटल के निर्माण कार्य हेतु 51 हजार की भेंट मौके पर अर्पित की गई, जबकि 1 लाख 50 हजार की राशि पूर्व में ही महाराज को प्रेषित की जा चुकी है। इस दौरान दोनों संतों के बीच प्रेमपूर्ण भेंट हुई। संतों की सेवा, समाज कल्याण और संत दरबार की गतिविधियों को लेकर सार्थक और प्रेरणादायक चर्चा हुई। उपस्थित संगत को इस दिव्य संवाद को सुनने और आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य मिला। कार्यक्रम के अंत में संगत ने संतों के मार्गदर्शन को जीवन में उतारने का संकल्प लिया और वातावरण सत्संग एवं भक्ति रस से सराबोर हो उठा।



रोहतक। आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रो. परवीन कुमार को स्मृति चिह्न देते विभागाध्यक्ष प्रो. देवेंद्र सिंह एवं शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

## केमेस्ट्री विभाग में उन्नत स्पेक्ट्रोस्कोपी पर व्याख्यान

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के केमिस्ट्री विभाग में कार्बनिक संरचनाओं के विश्लेषण विषय पर एक अत्यंत ज्ञानवर्धक आमंत्रित व्याख्यान आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. परवीन कुमार (केमिस्ट्री विभाग, कुवि) ने अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का शुभारंभ विभागाध्यक्ष प्रो. देवेंद्र सिंह एवं शिक्षकों द्वारा मुख्य वक्ता का पुष्पगुच्छ व पौधा भेंट कर अभिनंदन करने से हुआ। मंच संचालन रचना धनखड़ ने किया। प्रो. परवीन कुमार ने आधुनिक स्पेक्ट्रोस्कोपिक तकनीकों प्रोटॉन एनएमआर, कार्बन-तेरह एनएमआर, अवरक्त स्पेक्ट्रोस्कोपी, इलेक्ट्रॉन आयनीकरण द्रव्यमान स्पेक्ट्रोमेट्री तथा उच्च विभेदन द्रव्यमान स्पेक्ट्रोमेट्री के समन्वित उपयोग द्वारा जटिल कार्बनिक संरचनाओं के समाधान की क्रमबद्ध एवं तार्किक विधि स्पष्ट की। उन्होंने एनएमआर रासायनिक विस्थापन पर विद्युतऋणात्मकता के प्रभाव, अवरक्त स्पेक्ट्रा में कार्बोनिल बैंड की पहचान, तेरह का नियम तथा द्विबंध समतुल्य (डीबीई) की गणना जैसे प्रमुख सिद्धांतों पर विशेष प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रो. हरिओम, प्रो. प्रीति बूरा दून, प्रो. राजेश कुमार मलिक, प्रो. नवीन कुमार, प्रो. कोमल जाखड़, डॉ. संगीता यादव, डॉ. मुखानवती, डॉ. विजया मौजूद रहे।



## समाधान शिविर में फिर से पहुंचे गांधरा के किसान

- लोगों के तेवर देख अधिकारियों के छूटे पसीने, सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता को तुरंत भेजा मौके पर
- सिंचाई का खाल तोड़ने से क्षुब्ध किसानों ने गत 16 फरवरी को इच्छा मृत्यु की मांग की थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

गांव गांधरा के किसान गुरुवार को फिर से प्रशासन के समाधान शिविर पहुंचे। किसानों ने कहा कि प्रशासन हमारे धैर्य की परीक्षा न लें। अगर हम डीसी कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए तो हमारा उठाना मुश्किल हो जाएगा। इतना सुनते ही समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुन रहे अधिकारियों के पसीने छूट गए।

शिविर संपन्न होने के बाद दो घंटे बाद दोपहर बाद साढ़े तीन बजे सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता राजीव राठी को उन खेतों में भेजा गया, जहां बीते तीन चार साल से किसानों को सिंचाई के लिए पापड़ बेलने पड़ रहे हैं। वजह है कि एक बिल्डर उनके खेतों की सिंचाई के लिए बनाए गए खाल और रास्तों को बंद कर दिया गया है। इसके विरोध में किसानों ने 16 फरवरी को समाधान शिविर में पहुंचकर डीसी से इच्छा मृत्यु की स्वीकृति देने की मांग की थी। किसानों का कहना था कि जब खेतों में सिंचाई का पानी नहीं पहुंचेगा तो अनाज पैदा नहीं होगा। अनाज पैदा नहीं होगा तो फिर भूखे मरने की नौबत होगी।

प्रशासन को बकायदा किसानों ने लिखकर दिया था। इसके बावजूद प्रशासन ने मामले को लेकर संवेदनशीलता नहीं दिखाई। और वीरवार को फिर से किसान समाधान शिविर में पहुंचे।

### किसानों ने की नारेबाजी

जिला परिषद के सदस्य धीरज मलिक के नेतृत्व में गांव गांधरा के किसान नारेबाजी करते हुए दूसरी बार लघु सचिवालय पहुंचे। यहां समाधान शिविर में नगराधीश अंकित कुमार लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। नगराधीश को बिजेंद्र सिंह, जीत सिंह, सोमवीर प्रदीप कुमार, जोगिंद्र सिंह, रोहतास समेत कई और किसानों ने कहा कि गांव में तकरीबन 250 एकड़ जमीन बंजर हो गई है। दो सप्ताह से प्रशासन से अधिकारियों से अनुरोध किया जा रहा है कि समस्या का समाधान निकाला जाए। लेकिन कोई सुन ही नहीं रहा। प्रदीप कुमार ने अफसरों को दो टूक कहा कि प्रशासन हमारे धैर्य की परीक्षा न ले। अगर अपनी मांग को लेकर यहां धरने पर बैठ गए तो फिर तब तक नहीं उठेंगे, जब तक मांग पूरी नहीं होगी। इतना कहते ही शिविर में मौजूद अधिकारियों ने किसानों को आश्वासन दिया कि सिंचाई विभाग के अधिकारियों को मौके पर भेज दिया जाएगा। आश्वासन मिलने के बाद किसानों का गुस्सा शांत हुआ।

### अनुरोध नहीं करेंगे

सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता ने शुक्रवार को खाल पूरी तरह से खुलवाने का आश्वासन मौके पर आकर दिया है। इसके बावजूद अगर हमारा खाल नहीं खोला गया तो अबकी बार हम अधिकारियों से अनुरोध करने की बजाय धरने पर ही बैठ जाएंगे।
-धीरज मलिक, जिला पार्षद





रोहतक। ग्रामीणों को सम्बोधित करते डीसी सचिन गुप्ता तथा आयोजित कार्यक्रम में डीसी सचिन गुप्ता को सम्मानित करते ग्रामीण।

## बैंसी गांव की समस्याओं का समाधान किया जाएगा: डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

डीसी सचिन गुप्ता ने गांव बैंसी में आयोजित रात्रि ठहराव कार्यक्रम में ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि गांव से संबंधित सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। जिला प्रशासन जमीनी स्तर पर मूलभूत नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। गुप्ता गांव के रामलीला मैदान में प्रशासन द्वारा आयोजित नाइट हॉल्ट एवं प्रशासन आपके गांव कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों से संवाद कर रहे थे। प्रशासन द्वारा गांव में लगभग 76 लाख की राशि से फिरनी का आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण करवाने के बाद निर्माण करवाया जाएगा। गांव में खेल स्टेडियम में 55 लाख से चारदीवारी व मिट्टी भरत का कार्य करवाया जाएगा।

### किसानों को आश्वासन

उपायुक्त किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी भी परिस्थिति में जलभराव नहीं होने दिया जाएगा। ग्रामीण पेयजल के अवैध कनैक्शनों को वैध करवाए ताकि पेयजल में मिलावट न हो और ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल मिल सके। परिवार पहचान पत्र की समस्याओं का समाधान करने के लिए गांव में शिविर लगाया जाएगा।

### ये अधिकारी रहे मौजूद

अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार, भाजपा नेता दीपक निवास हुड्डा, एएसपी प्रतीक अग्रवाल, प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण के सचिव वीरेंद्र सिंह दुल, नगराधीश अंकित कुमार, डीएसपी ऋषभ सोढ़ी, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम की कार्यकारी अभियंता सीमा नारा, सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता अरूण मुंजाल, कृषि उप निदेशक डॉ. सुरेंद्र मलिक, जिला परियोजना समन्वयक सुमन हुड्डा, जिला समाज कल्याण अधिकारी महाबीर गोदारा, जिला मत्स्य अधिकारी आशा हुड्डा अहलावत सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

### शिविर में 200 ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांचा

इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित चिकित्सा शिविर में लगभग 200 ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें सामान्य ओपीडी, एनीमिया जांच एवं स्क्रीनिंग सेवाएं शामिल रहीं तथा आवश्यकता अनुसार निशुल्क दवाइयां वितरित की गईं।आउटरीच कार्यक्रम में मत्स्य पालन, पशुपालन, कृषि एवं किसान कल्याण, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी, एमएसएमई, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण, अंत्योदय, महिला एवं बाल विकास, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, बागवानी, वित्तीय साक्षरता सामुदायिक प्रशिक्षण, जिला सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण सहित अन्य विभागों ने भाग लिया।



## विहिप : त्रिदिवसीय संस्कार आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का समापन

**रोहतक।** विश्व हिंदू परिषद के सेवा विभाग द्वारा आयोजित त्रिदिवसीय संस्कार आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का समापन हुआ। तीन दिनों तक चले इस वर्ग में बहनों को संस्कारशाला संचालन का गहन एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। समापन सत्र में क्षेत्र संगठन मंत्री नीरज, केंद्रीय सह सेवा प्रमुख आदरणीय आनंद हरबोला, केंद्रीय प्रशिक्षण टोली सदस्य बहन सीमा (काशी) एवं बहन मानसी (हरिद्वार) मुख्य रूप से उपस्थित रहे। प्रशिक्षण प्राप्त कर रही बहनों ने अपने अनुभव साझा किए। मुख्य वक्ता के रूप में नीरज ने भारतीय संस्कारों की मूल भावना, परिवार व्यवस्था की शक्ति तथा भावी पीढ़ी निर्माण में संस्कारशालाओं की भूमिका पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में प्रांत संगठन मंत्री राधेश्याम, प्रांत सह सेवा प्रमुख केदारनाथ , प्रांत सह सत्संग प्रमुख सरला, जिला सेवा प्रमुख सतीश, जिला संगठन मंत्री कमल सहित रोहतक के अनेक प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## सैनी गर्ल्स बीएड कॉलेज में प्री होली मिलन समारोह

**रोहतक।** सैनी गर्ल्स बीएड कॉलेज के सभागार में प्री होली मिलन समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। बीएड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने रंगों के इस पर्व को उत्साहपूर्वक मनाया। समारोह की शुरुआत प्रिंसिपल अलका बत्रा ने स्टाफ एवं छात्राओं के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर मां सरस्वती की पूजा-अर्चना से की। प्रथम वर्ष की छात्राओं ने स्टाफ सदस्यों को तिलक लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने सामूहिक मार्मिक प्रस्तुति दी। प्रथम वर्ष की छात्रा नेहा और अन्य छात्राओं ने हरियाणवी फोक डांस प्रस्तुत कर समां बांध दिया। इस अवसर पर संगीता, प्रीति, महिमा, संजू, मानसी, मन्नु, निशु, ललिता, तन्नु, शिवानी, नैंसी, हिमांशी और रीना सहित अन्य छात्राएं उपस्थित रहीं। मुख्य वक्ता के रूप में नीरज ने भारतीय संस्कारों की मूल भावना तथा भावी पीढ़ी निर्माण में संस्कारशालाओं की भूमिका पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में प्रांत संगठन मंत्री राधेश्याम, प्रांत सह सेवा प्रमुख केदारनाथ , प्रांत सह सत्संग प्रमुख सरला, जिला सेवा प्रमुख सतीश, जिला संगठन मंत्री कमल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मां ने कहा था-बेटा टेंशन मत लेना, तुम जरूर फाइनल खेलोगी
# बेटी ने 21 रन देकर दो विकेट चटकाए और जिता दिया मैच

## एशिया कप राइजिंग स्टार्स में रोहतक की बेटी सोनिया का शानदार प्रदर्शन

रोहित डागर ▸▸| रोहतक

एसीसी महिला एशिया कप राइजिंग स्टार्स के भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीता। इसमें रोहतक की बेटी सोनिया मेहंदियां ने शानदार प्रदर्शन किया था और टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। फाइनल मैच में सोनिया ने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 21 रन देकर दो विकेट लिए। इस पूरी प्रतियोगिता में सोनिया को केवल फाइनल मैच में खेलने का मौका मिला था और फाइनल में सोनिया ने कमाल दिखाया।

### रोहतक पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागत

गुरुवार को सोनिया घर लौटी। घर लौटने पर पूरे परिवार में खुशी का माहौल था। सोनिया की मां सरोज ने बताया कि उन्हें अपनी बेटी पर पूरा भरोसा था। उन्होंने बताया कि एशिया कप के फाइनल मैच से पहले उनकी सोनिया से बात हुई थी। मैंने उससे कहा था कि बेटा टेंशन मत लेना, तुम ज़रूर फाइनल मैच खेलोगी और भगवान पर भरोसा रखो।



सोनिया ने भी अपनी मां के विश्वास को बनाए रखा और मैदान पर शानदार प्रदर्शन किया। मैदान के बाहर सोनिया को नटखट है। खाने में उन्हें घर का बन देसी खाना सबसे प्रिय है, जबकि संगीत में उनकी पहली पसंद हरियाणवी गाने हैं।

### सबसे पहले बहन से की वीडियो कॉल पर बात, खुशी साझा की

सोनिया ने बहन कमलेश और परिवार के अन्य सदस्यों ने वीडियो कॉल के ज़रिए जीत की खुशी साझा की थी। परिवार ने बताया कि बेटी की उपलब्धि पर पूरे गांव और शहर को गर्व है। सोनिया ने बताया कि उनके कोच ने उन्हें हर स्थिति के लिए तैयार रहने को कहा था और उन्होंने फाइनल मैच में अपनी नेचुरल बॉलिंग की। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय हरियाणा क्रिकेट एसोसिएशन और विशेष रूप से अनिरुद्ध, अश्वनी और परिवार के निरंतर समर्थन को दिया।

### 2017 में खेलना शुरू किया था

भारतीय महिला क्रिकेट की उभरती हुई खिलाड़ी सोनिया ने अपने शुरुआती संघर्षों, यादगार जीत और भविष्य के लक्ष्यों पर खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि कैसे हरियाणा की गलियों से शुरू हुआ उनका सफर आज अंतरराष्ट्रीय और घरेलू स्तर पर सफलताओं के नए आयाम छू रहा है। सोनिया ने बताया साल 2017 में क्रिकेट खेलना शुरू किया था। उन्होंने बताया कि खेल के प्रति उनका लगाव स्कूल के दिनों से ही था। वे अक्सर स्कूल के पास स्थित आंगनवाड़ी और पास के मैदानों में मोहल्ले के बच्चों के साथ संडे को मैच खेला करती थीं। उन्होंने कहा कि उनके परिवार में भी खेल के प्रति काफी उत्साह था, जिससे उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली।



## खबर संक्षेप

### एमडीयू में होली मिलन समारोह दो मार्च को

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय गैर शिक्षक कर्मचारी संघ 2 मार्च को संघ कार्यालय में होली मिलन समारोह आयोजित करेगा। प्रधान सुरेश कौशिक ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिमांशु ग्रोवर होंगे। कौशिक ने कहा कि सभी कर्मचारियों को कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया गया है।

### पूर्व सैनिक एक-दूसरे के सुख-दु:ख में देते हैं साथ

**रोहतक।** एक दूसरे के सुख-दुख में शामिल होना सैनिकों को ट्रेनिंग के दौरान सिखलाया जाता है। युद्ध क्षेत्र हो या युद्ध अभ्यास, हर कार्य में हर सैनिक का एक साथी या बडी पेयर होता है जो युद्ध में या हर मुसीबत में अंतिम सांस तक एक दूसरे का साथ देते हैं। सेवा निवृत्ति के बाद भी पूर्व सैनिक गण अपने साथियों के सुख-दुख में बड़ी की तरह साथ देते हैं। शादी विवाह हो, कोई खुशी या गम पूर्व सैनिक अपने साथी सैनिक के पास पूरे दल बल सहित पहुंचते हैं। चंद रोज पहले गांव बोहर के पूर्व सैनिक हवलदार नरेश नांदल अचानक लकवाग्रस्त हो गए थे । पूर्व सैनिक उनका उनका हौसला बढ़ाने और मोरल अप करने के लिए उनके पास जाते रहे हैं।

## अभिषेक सहारण को मैन ऑफ द मैच घोषित किया
# वीसीए ने गोयल क्रिकेट क्लब को 39 रन से पराजित किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

एमएस सरस्वती क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए 7 वन डे मैच सीरीज के लीग मुकाबले में अचीवर्स क्रू इलेवन (वीसीए) ने गोयल क्रिकेट क्लब को 39 रन से पराजित किया। अभिषेक सहारण को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। 3 विकेट लेने वाले नीरज नरवाल को मैच का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज़ घोषित किया गया।

टॉस जीतकर अचीवर्स क्रू इलेवन (वीसीए) ने पहले बल्लेबाज़ी करने का फैसला किया और निर्धारित 50 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 404 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से अभिषेक सहारण ने शानदार और यादगार पारी खेलते हुए 107 गेंदों पर 154 रन बनाए, जिसमें 14 चौके और 6 छक्के शामिल थे। उनके अलावा रहिल वत्स ने मात्र 51 गेंदों पर 88 रन की विस्फोटक पारी खेली, जिसमें 3 चौके और 9 छक्के शामिल रहे। गोयल क्रिकेट क्लब की ओर से अभिनव गुप्ता,परीक्षित पूनिया और दिपांशु भारद्वाज ने 1-1 विकेट लिए।



**रोहतक।** बल्लेबाजी करता खिलाड़ी।

405 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गोयल क्रिकेट क्लब की टीम ने भी जोरदार संघर्ष किया और निर्धारित 50 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 365 रन बनाए। टीम की ओर से सौरव शर्मा ने 54 गेंदों पर 87 रन की तेज़ पारी खेली, जबकि दीपांशु भारद्वाज ने 31 गेंदों पर 60 रन बनाए। अचीवर्स क्रू इलेवन की ओर से गेंदबाज़ी में नीरज नरवाल ने 10 ओवर में 82 रन देकर 3 विकेट लिए।

### 26वें बाबा गुरबचन सिंह मेमोरियल क्रिकेट स्पर्धा शुरू

**रोहतक।** खेल केवल जीत-हार का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन और मानवीय मूल्यों को गढ़ने की पाठशाला है। इसी संदेश के साथ संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल में 26वें बाबा गुरबचन सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का शानदार शुभारंभ हुआ। सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित के मार्गदर्शन में आयोजित यह टूर्नामेंट 26 फरवरी से 10 मार्च तक चलेगा। विभिन्न राज्यों की 24 चयनित टीमें इस प्रतियोगिता में भाग ले रही हैं। उद्घाटन के अवसर पर खिलाड़ियों का उत्साह देखते ही बनता था, जहाँ खेल कौशल के साथ-साथ निरंकारी मिशन की मर्यादित संस्कृति और सेवा भाव की झलक भी स्पष्ट दिखी।

### खिलाड़ी मोहनलाल को किया सम्मानित



**सांपला।** विधुत निगम फुटबॉल की टीम द्वारा नेशनल प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीतने पर गुरुवार को खिलाड़ी मोहनलाल का यूनियन द्वारा नोटों की माला पहनाकर सम्मानित किया। नेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता पंजाब के शहर पटियाला में हुई थी। जिसमें हरियाणा की टीम को सिल्वर मेडल मिला। इस टीम में मोहनलाल ने अच्छा प्रदर्शन किया। इस जीत को लेकर उनका 11 हजार रुपए से सम्मान किया गया।

### 125 दिन रोजगार गारंटी से क्यों घबराई कांग्रेस : शमशेर सिंह

**रोहतक।** हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के पांचवें दिन "जी राम जी" योजना के तहत रोजगार गारंटी 100 से बढ़ाकर 125 दिन करने के प्रस्ताव पर कांग्रेस द्वारा किया गया विरोध न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि गरीब और श्रमिक वर्ग के हितों के साथ सीधा अन्याय है। ये बात भाजपा के वरिष्ठ नेता शमशेर सिंह खरक ने कही। बजट सत्र पर कांग्रेस रवैया प्रदेश हित में न हो कर स्वार्थपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जब प्रदेश की भाजपा सरकार ग्रामीण परिवारों की आय बढ़ाने के लिए अतिरिक्त 25 दिन का रोजगार देने की पहल कर रही है, ऐसे समय पर कांग्रेस का सदन से वॉकआउट करना उनकी नीयत पर गंभीर सवाल खड़े करता है। खरक ने कहा कि कांग्रेस विधायक बीबी बतरा और पूर्व मंत्री गीता भुक्कल ने यह कहकर चर्चा का विरोध किया कि यह केंद्र का कानून है, इसलिए राज्य सदन में इस पर चर्चा नहीं हो सकती। यह तर्क भ्रामक और अधूरा है। कानून 100 दिन की न्यूनतम गारंटी देता है, लेकिन राज्य सरकार अपने संसाधनों से अतिरिक्त रोजगार देने के लिए स्वतंत्र है।

## न्यूज डायरी

### भूगोल प्रश्नोत्तरी में नेकीराम कॉलेज प्रथम



**रोहतक।** राजकीय महाविद्यालय हांसी द्वारा आयोजित अंतर-महाविद्यालयीय भूगोल प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय के भूगोल विभाग की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता टीम ने प्रतियोगिता की रनिंग ट्रॉफी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र सांगवान को भेंट की। इस अवसर पर भूगोल विभाग के अध्यक्ष डॉ. सुशील दलाल, गुलशन कुमार, कुलदीप मलिक एवं जोगिंद्र अहलावत भी उपस्थित रहे और उन्होंने टीम के सदस्यों को शुभकामनाएं दीं।

### निबंध लेखन में आरजू और तनिषा अव्वल



**रोहतक।** राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, रोहतक के अंग्रेजी साहित्य परिषद के द्वारा निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया । प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ शमशेर सिंह हुड्डा द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विभिन्न संकायों की 44 छात्राओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में आरजू एवं तनिषा संयुक्त रूप से प्रथम स्थान पर रहीं। सर्विका सांगवान द्वितीय स्थान तथा हिमांशी तृतीय स्थान पर रही। अंग्रेजी साहित्यिक परिषद की प्रभारी डॉ ज्योति हुड्डा ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रमुख भूमिका निभाई।

### जूलॉजी विभाग में विज्ञान दिवस मनाया



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के जूलॉजी विभाग में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा वैज्ञानिक तथ्यों की प्रस्तुति तथा विज्ञान-आधारित कविताओं से हुई, जिनमें विज्ञान के महत्व और सी. वी. रमन द्वारा खोजे गए रमन प्रभाव की विशेष चर्चा की गई। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो. मीनाक्षी शर्मा, प्रो. विनय मलिक, प्रो. सुधीर कटारिया, प्रो. सुदेश रानी तथा डॉ. रंजना जयवाल विशिष्ट रूप से उपस्थित रहे। अपने संबोधन में प्रो. मीनाक्षी शर्मा ने दैनिक जीवन में विज्ञान की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को वैज्ञानिक सोच अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंतर्गत ब्रेनी बंच बैटल, नो टॉक ओनली चॉक और क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गईं, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रेरणादायक वैज्ञानिक उद्धरणों के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ, जिससे आयोजन ज्ञानवर्धक और रोचक बना।

### रोजगार मेले में 345 विद्यार्थियों का चयन

**रोहतक।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), हसनगढ़ में दो दिवसीय जॉब फेयर और कैंपस ड्राइव का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में दिग्गज ऑटोमोबाइल कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने शिरकत की। यह पूरा कार्यक्रम संस्थान के प्रधानाचार्य रविन्द्र चहल की अध्यक्षता में आयोजित हुआ, जबकि इसकी देखरेख प्लेसमेंट अधिकारी श्सुन्दर सिंह बल्हारा द्वारा की गई। जॉब फेयर को लेकर युवाओं में भारी उत्साह देखा गया। आसपास के जिलों से लगभग 500 छात्र-छात्राएं पहुंचे। सभी चरणों के बाद कंपनी द्वारा कुल 345 छात्र-छात्राओं को नौकरी के लिए चुना गया। रविन्द्र चहल ने कहा कि यह जॉब फेयर छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए एक सुनहरा अवसर साबित हुआ है।

## मार्केट न्यूज

### एमी का विशेष सेशन देगा आयुर्वेद के साथ योग का नया अनुभव



सोनीपत रोड स्थित अथर्व आयुर्वेद मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में 6 मार्च से योग के विशेष सत्र शुरू होने जा रहे हैं। इन सत्रों का संचालन न्यूजीलैंड में जन्मी योग प्रशिक्षक एमी करेंगी, जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया और भारत से योग टीचर ट्रेनिंग प्राप्त की है। एमी का मानना है कि योग केवल व्यायाम नहीं बल्कि एक वैज्ञानिक पद्धति है, जो शरीर के प्रत्येक सेल पर सकारात्मक प्रभाव डालती है। एमी ने अपने जीवन के शारीरिक और मानसिक उतार-चढ़ाव में योग से नई ऊर्जा पाई और अब वही रोशनी वह आमजन तक पहुंचाना चाहती हैं। उनका उद्देश्य है कि भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग योग को अपनाकर तनाव, रोग और टेंशन से दूर रहें। डॉ. प्रिंस गिरोत्रा, डॉ. डेनिश, डॉ. कृति और डायरेक्टर डॉ. संजीव मदान ने बताया कि सत्रों में सामान्य योग के साथ महिलाओं के लिए विशेष सेशन भी होंगे, जिनमें स्त्री रोग और महिला स्वास्थ्य पर फोकस किया जाएगा।उन्होंने बताया कि योग की सही तकनीक ही जीवन को बेहतर कर सकती है रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुके हैं।

### अपराधी जेल व विदेशों से गैंग चलाकर मांग रहे हैं फिरौती : बजरंग गर्ग

**रोहतक।** व्यापारी प्रतिनिधियों की मीटिंग हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कान्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। इस मीटिंग में हरियाणा में कानून व्यवस्था खराब होने पर गंभीर चिंता प्रकट की। व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा में अपराधियों द्वारा हर रोज लूटपाट, फिरौती व हत्या करने से व्यापारी, उद्योगपति, व आम जनता भय के साए में जी रही है। अपराध के मामले में हरियाणा पूरे देश में अव्वल स्थान पर है। हरियाणा के रोहतक, सोनीपत, गुड़गांव, पानीपत, हिसार, फरीदाबाद, कैथल, सिरसा आदि जिलों में अपराधियों द्वारा हत्याएं करना और प्रदेश में जगह-जगह फिरौती मांगने से यह साफ सिद्ध हो जाता है कि अपराधियों के हौसले बुलंद है। बजरंग गर्ग ने कहा कि अपराधी जेल व विदेशों में बैठकर अपना गैंग चलाकर फिरौती मांग रहे हैं जो बहुत बड़ा चिंता का विषय है। बजरंग गर्ग में कहा कि हरियाणा में अपराध के बढ़ने का मुख्य कारण प्रदेश में लगातार बेरोजगारी का बढ़ना है।



**रोहतक।** पत्रकारों से बातचीत करते व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग।



**रोहतक।** ध्वजा दिखाकर यात्रा को रवाना करते महामंडलेश्वर स्वामी कर्ण पुरी, महामंडलेश्वर स्वामी राघवेंद्र भारती, समाजसेवी राजेश जैन, भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल तथा वरिष्ठ भाजपा नेता राजकुमार शर्मा व सुरेंदर अग्रवाल ।

### निशान यात्रा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**रोहतक।** श्री श्याम सेवा संकीर्तन मंडल ट्रस्ट द्वारा फाल्गुन महोत्सव के पावन अवसर पर पांचवीं 2101 भव्य निशान यात्रा का अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ आयोजन किया गया। यह विशाल यात्रा श्री दुर्गा भवन मंदिर से विधिवत पूजा-अर्चना के पश्चात प्रारंभ होकर श्री खाटू श्याम मंदिर, पीपल वाली गली में भक्तिमय वातावरण के बीच संपन्न हुई। यात्रा को महामंडलेश्वर स्वामी कर्ण पुरी एवं महामंडलेश्वर स्वामी राघवेंद्र भारती का पावन सानिध्य प्राप्त हुआ, जिससे कार्यक्रम की गरिमा और अधिक बढ़ गई। मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी राजेश जैन, भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल तथा वरिष्ठ भाजपा नेता राजकुमार शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। राजेश जैन एवं सभी अतिथियों ने श्री श्याम बाबा के दरबार में विधिवत ज्योत प्रज्वलित कर धर्म ध्वजा दिखाकर यात्रा को रवाना किया। इसके पश्चात भव्य शोभायात्रा में हरियाणा व आसपास के प्रदेशों से आई मनमोहक झांकियां, आकर्षक सजीव प्रस्तुतियां तथा मधुर बैंड-बाजों ने पूरे वातावरण को भक्तिरस से सराबोर कर दिया।

## मार्केट न्यूज

### हरियाणा में महिंद्रा उडो इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर लॉन्च



**रोहतक।** लोहचब मोटर कंपनी ने हरियाणा में पहली बार अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर महिंद्रा उडो का भव्य लॉन्च किया। यह कार्यक्रम महिंद्रा लास्ट माइल मोबिलिटी की अधिकृत डीलरशिप द्वारा श्री राम पैलेस लॉन एंड बैंक्वेट में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि राजेंद्र सिंह दहिया (प्रेसिडेंट, ऑटो यूनियन रोहतक) रहे। लोहचब ग्रुप के एमडी जितेश लोहचब ने बताया कि एयरक्राफ्ट-प्रेरित डिजाइन वाला यह वाहन प्रसिद्ध ऑटो डिज़ाइनर प्रताप बोस द्वारा विकसित किया गया है। इसकी शुरुआती कीमत 3.58 लाख रुपये है और यह 200 किमी वास्तविक रेंज (265 किमी एआरएआई प्रमाणित) प्रदान करता है। कार्यक्रम में महिंद्रा टीम से परदीप पांडे, एएसएम, जतिंदर पाल सिंह, एसीसीएम और अनिल, टीएसएम भी उपस्थित रहे। वाहन में तीन ड्राइव मोड, रीजनेरेटिव ब्रेकिंग, हिल-होल्ड असिस्ट, 6 वर्ष/1.5 लाख किमी वारंटी और निःशुल्क सर्विस जैसी सुविधाएँ उपलब्ध हैं। यह लॉन्च हरियाणा में ई-मोबिलिटी को नई दिशा देगा।

**TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार**
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

जय श्री बाला जी महाराज
SHRI BALA JI INSTITUTE OF PARAMEDICAL SCIENCE
DR. S.K. SAINI Director
AUTHORIZED ADMISSION CENTRE OF SUGUNA SCHOOL OF NURSING BANGLORE
BHUVAN SCHOOL OF NURSING, DR. K.T.V. BANGLORE
पिछले 25 वर्षों से लगातार जनसेवा में कार्यरत संस्थान।
सीमित सीटें। पहले आयें- पहले पायें छात्रावास सुविधा उपलब्ध
DIPLOMA IN G.N.M. (MIF)
योग्यता :- 12th किसी भी विषय में) अवधि :- 3½ वर्ष
कुल सीटें :- 60 दाखिला फीस - 25000/year
परीक्षा स्थान :- बैंगलोर
DIPLOMA IN PHARMACY
योग्यता:- 12th साईस अवधि:- 2 वर्ष सीटें :- 60
दाखिला फीस: 25000/- year परीक्षा स्थान :- बैंगलोर
नियमित कक्षायें ऑनलाईन व ऑफलाईन दोनों मोड़ में।
5000 Rs मासिक फीस देकर निश्चित सफलता के साथ कोर्स पूरा करें। आज ही अपने प्रमाष-पत्रों के साथ आकर मिले।
DR. S.K. SAINI (Director)
9254233221
रोहतक:- 41/29, चाणक्य पुरी, शीला सिनेमा के पीछे
बहादुरगढ़ :- पिल्लर नं. 851 के सामने, पुराना बराही रोड पर।
सोनीपत :- HDF C बैंक के सामने, छोटू राम चौक।

MANSAROVER HOSPITAL
MULTI SUPER SPECIALITY HOSPITAL
NEAR PNB BANK, OPP. VIKAS NAGAR, SONIPAT ROAD, ROHTAK, HARYANA
RECEPTION: 01262-253500, 9053005599, 9254302848
Latest MRI & Multi Slice CT SCAN
- Neuro Surgery
- General Medicine
- General Surgery
- Orthopedics
- ब्रेन, रीड़ की हडिड्यों का ईलाज
- दूरबीन द्वारा सभी बिमारियों के ऑपरेशन
- पेट, छाती से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज
फौजी भाईयों का इलाज ECHS
- हरियाणा सरकार
- आयुष्मान भारत
- ESIC
के पैनल पर
DR. BALKISHAN GOEL
M.B.B.S, M.S, M.CH.
TRAUMA CENTRE, ICU & CRITICAL CARE
NEURO-ICU, GENERAL ICU, HOU (HIGH DEPENDANCY UNIT) जहर POISIONING CASE
24 HRS LAB/CAFE/PHARACY/AMBULANCE

### पोस्टर बनाओ में ज्योति ने मारी बाजी



**महम।** राजकीय महाविद्यालय महम के भूगोल विभाग में पृथ्वी बचाओ और पर्यावरण संरक्षण विषय पर पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता हुई।प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्य डॉ सत्यव्रत ने किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के बारे में बताया। प्रतियोगिता इंचार्ज दीपक कायत ने विद्यार्थियों को ऐसे कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। इस प्रतियोगिता में लगभग 80 विद्यार्थियों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ज्योति बीए द्वितीय वर्ष, द्वितीय स्थान भारती राठी बीए तृतीय और तृतीय स्थान भारती सहारण बीए प्रथम वर्ष को प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम में अनिल बिश्नोई, डॉ शिल्पी और डॉ वर्षा रानी ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष अनिल चहल, ज्योति शर्मा, पिंकी, प्रदीप मलिक, दिनेश चहल, कुसुमलता, डॉ. अश्विनी, वेदपाल व प्रमिला आदि स्टाफ सदस्य उपस्थित मौजूद रहे।

## हुड्डा के खिलाफ पूर्व मंत्री कैप्टन अजय यादव को गवाह बनाए सरकार : जयहिंद

**रोहतक।** नवीन जयहिंद ने हरियाणा की सत्ताधारी पार्टी के साथ-साथ कांग्रेस, इनेलो पार्टी के नेताओं पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने हरियाणा की सभी पार्टी के नेताओं पर तंज कसते हुए कहा कि नेताओं ने विधानसभा को सेटिंग सभा बना दिया है। विधानसभा में अभी पार्टियों के नेता एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाते है लेकिन जांच कराने की मांग पर पीछे हट जाते हैं। बीजेपी सरकार के नेताओं द्वारा विधानसभा में हुड्डा कांग्रेस सरकार और इनेलो पार्टी द्वारा सरकारी नौकरियों में भाई भतीजावाद ओर अपने घर परिवार, रिश्तेदारों को सरकारी नौकरियों की बंदरबाट मामले पर उठाए गए सवाल पर जयहिंद ने कहा कि पूर्व मंत्री कैप्टन अजय यादव द्वारा दिए गए सरकारी नौकरियों में कांग्रेस के नेताओं द्वारा अपने अपने आदमियों को नौकरियां देने के बयान के आधार पर पूर्व मुख्यमंत्री हुड्डा के खिलाफ एफआईआर कराके जांच करवानी चाहिए और इसके लिए पूर्व मंत्री कैप्टन अजय यादव को गवाह बनाना चाहिए। कैप्टन अजय यादव मीडिया में बयान दे रहे हैं कि हुड्डा सरकार में मंत्री नेताओं द्वारा सरकारी नौकरिया लगवाने के लिए लिस्ट दी जाती थी, जिसके बाद कांग्रेस के नेताओं के आदमियों को सरकारी नौकरियों की सूची में चयनित किया जाता था। किसी मंत्री के ज्यादा और किसी नेता के कम सदस्यों को सरकारी नौकरियां दी जाती थी।



**दी महम किसान सहकारी विपणन एवं प्रसाधन समिति लि. रोहतक**
**सूचना**
समिति के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि दी महम किसान सहकारी विपणन एवं प्रसाधन समिति लि० रोहतक की प्रबंध कमेटी की अवधि दिनांक 28.10.2022 को समाप्त हो चुकी है तथा प्रबंध कमेटी के आगामी चुनाव हेतु सहकारी समितियों के चुनाव नियम के नियम 3 (11) के प्रावधान अनुसार जोनों की प्रस्तावित सूची व जोन वाइज प्रस्तावित मतदाता सूचियां उप रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां, रोहतक द्वारा प्रस्तावित अनुमोदित की जा चुकी है। समिति के किसी सदस्य को उपरोक्त प्रस्तावित अनुमोदित सूचियों पर कोई एतराज हो तो वह अपना एतराज दिनांक 24.03.2026 तक (कार्यालय समय में) समिति के कार्यालय पुराना धागा मिल, नजदीक सुनारिया चोक, सर्कुलर रोड, रोहतक में दर्ज करवा सकता है। दिनांक 24.03.2026 के बाद कोई भी एतराज स्वीकार नहीं होगा। प्राप्त एतराजों/आपतियों का निपटारा दिनांक 25.03.2026 को उप रजिस्ट्रार, महोदया द्वारा किया जाऐगा। एतराजों का निपटारा करके उपरोक्त सूचियों को अंतिम रूप से अनुमोदित कर दिया जाएगा।
प्रस्तावित अनुमोदित सूचियों को एतराज जमा कराने की तिथि तक के लिए निम्नलिखित स्थानों पर प्रदर्शित कर दिया गया है
1. कार्यालय उप मंडल अधिकारी, रोहतक।
2. कार्यालय उप रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां, रोहतक।
3. कार्यालय सहायक रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां, रोहतक।
4. समिति दुकान नं. 143 नई अनाज मंडी, रोहतक ।
हस्ताक्षर, प्रबंधक, दी महम किसान सहकारी विपणन एवं प्रसाधन समिति लि. रोहतक, 79884/7886

## खबर संक्षेप



रोहतक। दादा बाजे भगत की प्रतिमा पर पुष्पांजलि करते सैन समाज चैरिटेबल ट्रस्ट के सदस्य।

### सूर्य कवि दादा बाजे भगत की पुण्यतिथि मनाई

**रोहतक।** सैन समाज चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा सूर्य कवि दादा बाजे भगत की पुण्यतिथि मनाई गई। जिसमें शहर के गणमान्य व्यक्तियों ने दादा बाजे भगत की प्रतिमा स्थल पर पहुंच कर पुष्पांजलि दी और स्मारक के सामने पौधरोपण किया। ट्रस्ट के प्रधान सुरेश राणा ने बताया कि सूर्य कवि बाजे भगत का जन्म 16 जुलाई 1898 को सोनीपत के दहिया खाप के सबसे बड़े गांव सिसाना में हुआ था। उनकी मृत्यु 26 फरवरी 1936 को महाशिवरात्रि के दिन हुई। इनके द्वारा रचे सॉन्ग व भजन आज भी बड़े उत्साह और उमंग के साथ गाए जाते हैं।

### पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति के लिए कल तक करवाएं पंजीकरण

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग व विमुक्त जनजाति के विद्यार्थियों का आह्वान किया है कि वे सरकार द्वारा संचालित की जा रही पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए 28 फरवरी शनिवार तक नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर पंजीकरण करवाकर योजना का लाभ उठाएं। अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग व विमुक्त जनजाति के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है, ताकि वे आर्थिक तंगी की वजह से उच्च शिक्षा ग्रहण करने से वंचित न रहें। योजना (पीएम यशस्वी घटक-2) के तहत पात्र छात्रों से एनएसपी पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

## जिले के 45 केंद्रों पर हुई परीक्षा, पुलिस कर्मियों का रहा कड़ा पहरा

# एचबीएसई परीक्षा : 9637 विद्यार्थियों ने दिया दसवीं कक्षा का गणित का पेपर

पुलिस ने सख्ती बरते हुए दोपहर 12:30 से शाम 3:30 बजे तक परीक्षा संपन्न करवाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जिले के 45 परीक्षा केंद्रों पर वीरवार को 10वीं कक्षा की गणित की परीक्षा हुई। 10वीं कक्षा की गणित विषय की बोर्ड परीक्षा में जिले में 9775 विद्यार्थियों में से 9637 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी तथा 138 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। केंद्रों पर पुलिस कर्मियों पर कड़ा पहरा रहा। पुलिस ने सख्ती बरते हुए दोपहर 12:30 से शाम 3:30 बजे तक परीक्षा संपन्न करवाई गई।

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा दोनों दिन आयोजित करवाई गई 12वीं व 10वीं कक्षाओं की परीक्षाएं संपन्न हुई। जिला प्रशासन द्वारा किये गए पुख्ता प्रबंधों के मध्य शांतिपूर्वक व पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई। जिला प्रशासन इन बोर्ड परीक्षाओं की निरंतर सख्त निगरानी कर रहा है। इन परीक्षाओं को सुचारू ढंग संपन्न करवाने के दृष्टिगत उड़नदस्ते गठित किये गए है तथा डयूटी मजिस्ट्रेट भी नियुक्त किये गए है। पुलिस द्वारा भी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। सचिन गुप्ता ने पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भौरिया के साथ जिला के खिड़वाली व डोभ गांवों में स्थित विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन बोर्ड परीक्षाओं को लेकर पूरी तरह मुस्तैद है तथा अब तक दोनों दिन आयोजित बोर्ड परीक्षाएं शांतिपूर्वक व पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा आगामी एक अप्रैल तक 12वीं कक्षा की परीक्षाएं आयोजित करवाई जा रही है। इसी तरह आगामी 20 मार्च तक 10वीं कक्षा एवं डीएलएड की परीक्षाएं आयोजित होगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं के दृष्टिगत जिला में 45 परीक्षा केंद्र स्थापित किये गए है। बोर्ड परीक्षाओं को पारदर्शी व नकल रहित संपन्न करवाने के दृष्टिगत 7 उड़नदस्ते टीमें गठित की गई है। महम के उपमंडलाधीश विपिन कुमार व नगर निगम संयुक्त आयुक्त मनजीत सिंह ने महम के गांवों में स्थित परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण किया।



रोहतक। परीक्षा केंद्र के बाहर खड़े विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### आसान था पेपर



*गणित का पेपर था। पेपर बहुत आसान था। समय से पहले पेपर पूरा हो गया था। उम्मीद है पेपर में अच्छे अंक प्राप्त होंगे। पूरा पेपर पढ़ हुए में से आया था।*
*-दिव्यांश, छात्र*

### कुछ प्रश्नों में समय लगा



*पेपर ठीक हो गया है। मेरे को पेपर थोड़ा मुश्किल लगा। 60 के आसपास अंक आ जाएंगे। गणित का पेपर था। कुछ प्रश्नों में हल करने में समय लगा।*
*-रोनक, छात्र*



रोहतक। आरोपित पुलिस की गिरफ्त में। फोटो : हरिभूमि

## परीक्षा केंद्रों के पास घूम रहे तीन युवक काबू

# हरियाणा बोर्ड परीक्षा, पुलिस के पुख्ता सुरक्षा इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

दसवीं और बारहवीं की हरियाणा बोर्ड परीक्षाओं को शांतिपूर्ण और नकलमुक्त कराने के लिए पुलिस ने जिलेभर में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए हैं। एसपी सुरेन्द्र सिंह भौरिया के दिशा-निर्देशानुसार सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस प्रशासन के अनुसार जिन-जिन स्कूलों में बोर्ड परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं, वहां सुरक्षा व्यवस्था को प्राथमिकता दी गई है। प्रत्येक केंद्र पर पुलिसकर्मी तैनात हैं और संबंधित क्षेत्र के अधिकारी लगातार गश्त कर रहे हैं।

इसी क्रम में बृहस्पतिवार थाना महम प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र के नेतृत्व में पुलिस टीम ने महम क्षेत्र में स्थित परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केंद्रों के आसपास संदिग्ध रूप से घूम रहे तीन युवकों को काबू किया गया। युवकों की पहचान प्रशांत, बलजीत और शक्ति के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा तीनों युवकों से पूछताछ की गई और उनके परिजनों को मौके पर बुलाया गया। प्रारंभिक जांच में परीक्षा से संबंधित कोई वैध कारण न मिलने पर युवकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई।

### माहौल खराब करने वालों को नहीं बख्शा जाएगा

पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की नकल या नकल कराने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। साथ ही परीक्षा केंद्रों के बाहर से मदद पहुंचाने या माहौल खराब करने की कोशिश करने वालों को भी बख्शा नहीं जाएगा।

### परीक्षा के दौरान सहयोग करें

पुलिस ने अभिभावकों और आम नागरिकों से अपील की है कि वे परीक्षा के दौरान सहयोग करें और परीक्षा केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ न लगाएं। प्रशासन का उद्देश्य छात्रों को शांत और सुरक्षित वातावरण में परीक्षा देने का अवसर उपलब्ध कराना है।

### संवेदनशील केंद्रों पर विशेष नजर

पुलिस का कहना है कि परीक्षा अवधि के दौरान सभी थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित गश्त करेंगे और संवेदनशील केंद्रों पर विशेष नजर रखी जाएगी। किसी भी प्रकार की सूचना मिलने पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने दोहराया है कि परीक्षा की निष्पक्षता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कदम उठाए जाएंगे।




रोहतक। परीक्षा देकर केंद्र के बाहर आते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

# सीबीएसई परीक्षा : विद्यार्थियों ने परीक्षा में पूछे गए एक-एक अंकों के प्रश्न को कठिन बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक


सीबीएसई (केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड) की वीरवार को 12वीं की भूगोल विषय की परीक्षा हुई। परीक्षा में जिले के सभी परीक्षा केंद्रों पर विद्यार्थियों की संख्या कम रही। परीक्षा देकर लौटे विद्यार्थियों ने परीक्षा में पूछे गए एक-एक अंकों के प्रश्न को कठिन बताया। उन्होंने कहा कि सिलेबस से बाहर का पेपर नहीं था। लगभग पुराने प्रश्न पत्रों से घुमा-फिराकर सवाल पूछे गए थे। जन संख्या आधारित प्रश्न भी अनुमान से कहीं अधिक बेहतर आए थे।

### जनसंख्या से संबंधित आए थे प्रश्न



भूगोल का पेपर था। पेपर बहुत अच्छा हुआ। जनसंख्या से संबंधित प्रश्न आए हुए थे पहले से ही पता था कि इस तरीके के प्रश्न हर बार आते हैं। इस तरह के प्रश्नों की तैयारी अच्छे तरीके की थी।
-खुशी, छात्रा

### कोई भी प्रश्न घुमा फिरा के नहीं आया



पेपर आसान था और बहुत अच्छा हुआ है। सभी प्रश्न एनसीआरटी से आए हुए थे। कोई भी प्रश्न घुमा फिरा के नहीं आया था। तैयारी बहुत अच्छे तरीके से की थी।
-प्रिंस, छात्र



रोहतक। एनएसएस शिविर में मौजूद प्राचार्य डॉ. फूल सिंह,डॉ. राजल गुप्ता,डॉ. सीमा शर्मा व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## योग क्रियाओं एवं योग साधना के महत्व के बारे में बताया

**रोहतक।** वैश्य महाविद्यालय में संचालित सात दिवसीय एनएसएस शिविर के छठे दिन की शुरुआत प्रातःकाल योगाभ्यास के साथ की गई। इस अवसर पर डॉ. पुरुषोत्तम ने स्वयंसेवकों को विभिन्न प्रकार की योग क्रियाओं एवं योग साधना के महत्व से अवगत कराया तथा नियमित योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाने पर बल दिया। कार्यक्रम के बौद्धिक सत्र में डॉ. राजल गुप्ता ने डिजिटल साक्षरता आत्मनिर्भर भारत की ओर युवाओं का योगदान विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। इसके पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. फूल सिंह ने स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया और पूरे शिविर के दौरान अनुशासन एवं सक्रिय सहभागिता बनाए रखने के लिए सभी स्वयंसेवकों की सराहना की। इसके उपरांत डॉ. सीमा शर्मा ने महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों एवं महिलाओं के अधिकारों से संबंधित विभिन्न कानूनों की जानकारी दी तथा समाज में जागरूकता की आवश्यकता पर बल दिया।

## छात्राओं ने जानी महान वैज्ञानिक महिलाओं की सफलता

**सांपला।** सर छोटूराम राजकीय महिला महाविद्यालय में विज्ञान विभाग द्वारा भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छात्राओं के लिए एक प्रेरणादायक लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया, जिसमें राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की महान वैज्ञानिक महिलाओं के योगदान को दर्शाया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से नोबल पुरस्कार विजेता मैडम क्यूरी, भारत के महान वैज्ञानिक सी वी रमन तथा अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला की जीवन यात्रा और उपलब्धियों पर आधारित प्रेरक प्रसंग दिखाए गए। इन महान हस्तियों के संघर्ष, शोध और उपलब्धियों ने छात्राओं को विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्या डॉ. संतोष हुड्डा ने अपने संबोधन में कहा कि विज्ञान दिवस मनाने का उद्देश्य युवा पीढ़ी को वैज्ञानिक सोच अपनाने और समाज के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित करना है। इस कार्यक्रम ने छात्राओं में वैज्ञानिक शोध, प्रयोग तथा नए आविष्कार करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्राओं ने विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने का संकल्प लिया।




रोहतक। कार्यक्रम को सम्बोधित करती प्राचार्या डॉ. संतोष हुड्डा।

## 219 विद्यार्थियों ने बुनियाद चरण दो की परीक्षा की उत्तीर्ण

**रोहतक।** जिले 548 विद्यार्थियों में 219 विद्यार्थियों ने बुनियाद चरण दो की परीक्षा को उत्तीर्ण कर लिया है। अब उत्तीर्ण विद्यार्थी चरण तीन में की परीक्षा में हिस्सा लेंगे जिसमें पूरे प्रदेश से लगभग 8,000 विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। हरियाणा विद्यालय शिक्षा निदेशालय की ओर से वीरवार को मिशन बुनियाद चरण दो की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया गया है जिसमें प्रदेश के 7,161 विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण कर अगले चरण में प्रवेश किया है। जिले के मिशन बुनियाद चरण-2 की परीक्षा के लिए लगभग 610 विद्यार्थियों ने क्वालिफाई किया था जिसमें 30 जनवरी की परीक्षा में 548 विद्यार्थियों हिस्सा लिया था। इनमें से 219 पास हुए हैं। शिक्षा निदेशालय के अनुसार, भैणी महाराजपुर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रिंस ने प्रदेश में 103 व जिले में पहला रैंक हासिल किया। शहीद मेजर राजीव कुमार जून राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गद्दी खेड़ी की माही ने जिले में दूसरा व शहीद कैप्टन दीपक शर्मा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मॉडल टाउन की सोनालिका ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। जिला विज्ञान विशेषज्ञ डॉ. समीर मान ने बताया कि राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय काहनौर, डॉ. सरूप सिंह राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल सांघी, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय महम, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रोहतक व राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सांपला के विद्यार्थियों का अच्छा प्रदर्शन रहा।



रोहतक। विजेता टीम को सम्मानित करते मुख्य अतिथि जाट शिक्षण संस्था के प्रधान गुलाब सिंह दिमाना। फोटो : हरिभूमि

# हरियाणा इंटर पॉलिटेक्निक हॉकी टूर्नामेंट 2026 का भव्य समापन

**छोटू राम पॉलिटेक्निक ने 7-0 से जीतकर स्वर्ण पदक किया अपने नाम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

छोटू राम पॉलिटेक्निक में हरियाणा इंटर पॉलिटेक्निक हॉकी टूर्नामेंट 2026 का आयोजन किया गया। स्पोर्ट्स कमेटी के अध्यक्ष डॉ. सुखबीर किन्हा ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न संस्थानों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रमुख रूप से वैश्य टेक्निकल इंस्टिट्यूट, गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक, सांघी तथा मेजबान संस्था की टीम शामिल रही। समापन समारोह के मुख्य अतिथि जाट शिक्षण संस्था के प्रधान गुलाब सिंह दिमाना रहे।

उन्होंने खिलाड़ियों को अनुशासन, परिश्रम और खेल भावना का संदेश दिया। टूर्नामेंट का शुभारंभ जाट कॉलेज, रोहतक के प्राचार्य डॉ. जोगिंदर दहिया और मातूराम इंजीनियरिंग कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. नवनीत अहलावत ने किया। रोमांचक मुकाबलों के बाद गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक सांघी ने कांस्य, वैश्य टेक्निकल इंस्टिट्यूट ने रजत और छोटू राम पॉलिटेक्निक ने स्वर्ण पदक जीता।

फाइनल में मेजबान टीम ने 7–0 से शानदार जीत दर्ज की। अंत में विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी व पदक प्रदान किए गए तथा अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## मेयर व आयुक्त सहित अन्य अधिकारी रहे विजिट में शामिल

# स्वच्छ सर्वेक्षण के कार्य को मिलेगा बल : नगर निगम की टीम ने सोनीपत वेस्ट टू एनर्जी प्लांट का किया निरीक्षण

**भविष्य में रोहतक में स्थापित किया जाएगा वेस्ट टू एनर्जी प्लांट**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

नगर निगम, पालिकाओं की टीम एवं वार्ड सदस्यों द्वारा सोनीपत में स्थित वेस्ट टू एनर्जी प्लांट का निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य ठोस कचरा प्रबंधन की आधुनिक तकनीकों, कचरे से ऊर्जा उत्पादन की प्रक्रिया तथा पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी व्यवस्थाओं को प्रत्यक्ष रूप से समझना था। जिस दौरान प्लांट में एकत्रित किए गए ठोस अपशिष्ट को वैज्ञानिक पद्धति से प्रोसेस कर विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित करने की संपूर्ण प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की गई।

प्लांट में स्थापित आधुनिक मशीनरी, प्रदूषण नियंत्रण के प्रभावी उपाय, अवशिष्ट कचरे के सुरक्षित निस्तारण तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण बनाए रखने से संबंधित मानकों को भी नगर निगम की टीम द्वारा बारीकी से देखा गया। अधिकारियों का प्रयास है कि भविष्य में रोहतक में भी वेस्ट टू एनर्जी प्लांट स्थापित किया जाएगा।

नगर निगम महापौर रामअवतार वाल्मीकि ने बताया कि मीतू धनखड़, संयुक्त आयुक्त, नगर निगम सोनीपत ने प्लांट के तकनीकी विशेषज्ञों से कचरा पृथक्करण, प्रोसेसिंग क्षमता, ऊर्जा उत्पादन, लागत तथा संचालन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की। कूड़ा प्रबंधन जैसी परियोजनाएं स्वच्छ भारत मिशन एवं स्वच्छ सर्वेक्षण के लक्ष्यों को प्राप्त करने में अत्यंत सहायक सिद्ध होंगी। नगर निगम महापौर रामअवतार वाल्मीकि ने यह भी बताया कि निरीक्षण के दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के उद्देश्य से प्लांट परिसर में पौधारोपण भी किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण करने बारे अपील भी की गई।



रोहतक। वेस्ट टू एनर्जी प्लांट का निरीक्षण करते नगर निगम महापौर रामअवतार वाल्मीकि, नगर निगम आयुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा व वार्ड सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### वेस्ट टू एनर्जी एक भिन्न तकनीक : डॉ. आनंद

नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि नगर निगम द्वारा सफाई कार्य एंव स्वच्छता के कार्य को योजनाबद्ध तरीके से किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज सोनीपत में स्थित वेस्ट टू एनर्जी प्लांट का निरीक्षण किया गया। कूड़ा का निस्तारण नगर निगम रोहतक द्वारा भी किया जा रहा है परन्तु वेस्ट टू एनर्जी एक भिन्न तकनीक है जिसको भविष्य में अपनाया जा सकता है। यदि गीला व सूखा कूड़ा अलग-अलग एकत्रित किया जाये तो कूड़े का निस्तारण काफी आसान हो जाता है। इस प्लांट में भी नियमानुसार कूड़े का निस्तारण किया जा रहा है तथा ऐसी वस्तुएं जोकि पुनः इस्तेमाल नहीं हो सकती उनको निष्पादन कर, उसे विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित किया जाता है, जिससे नगर निगम की आय में भी वृद्धि हो सकती है। हमारा प्रयास रहेगा कि नगर निगम, रोहतक क्षेत्र से गीला व सूखा कूड़ा अलग-अलग एकत्रित करवाया जाएगा, जिसके लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है।



रोहतक। एमडीयू में होली खेलते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### एमडीयू में मनाया होली महोत्सव

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक में छात्रों द्वारा आयोजित होली महोत्सव को बड़ी धूम धाम से मनाया गया। जिसमें हजारों छात्र छात्राओं ने एक साथ बड़े प्रेम से भाईचारे का संदेश देकर शांति पूर्वक इसका आयोजन किया। विद्यार्थियों ने कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा, कुलसचिव डॉ कृष्ण कांत गुप्ता, यूनिवर्सिटी प्रशासन का सहयोग के लिए धन्यवाद किया। इस कार्यक्रम से भाईचारे का बड़ा संदेश गया बच्चो को मानसिक रूप से स्वास्थ्य के लिए इस प्रकार के आयोजन बहुत जरूरी है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए 75 युवाओं की कमेटी गठित कर रखी थी जो कार्यक्रम में कोई अप्रिय घटना ना हो, शांति पूर्वक आयोजन में टीम का बहुत बड़ा सहयोग रहा।